# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE :- 23, 24 & 25 MAY, 2026

# MCU NEWS

## यूजीसी-नेट तैयारी पर एमसीयू में मास्टर क्लास

भोपाल | माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा शुक्रवार को "यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता कैसे प्राप्त करें" विषय पर ऑनलाइन मास्टरक्लास आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मास्टरक्लास में यूजीसी-नेट के पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, पेपर-1 और पेपर-2 की तैयारी, समय प्रबंधन और महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को परीक्षा रणनीति और सफलता के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए।

कार्यक्रम का संयोजन प्रो. डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने किया। रिसोर्स पर्सन अंकित कात्यायन और यश शख्तावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने परीक्षा से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
DAINIK BHASKAR 23-05-2026

# यूजीसी-नेट की तैयारी को एमसीयू में मास्टरक्लास का आयोजन

- परीक्षा पैटर्न तथा पेपर-एक और पेपर-दो की विस्तृत जानकारी
- अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को दिए गए व्यावहारिक सुझाव

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन व जनसंपर्क विभाग द्वारा शुक्रवार को 'यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता कैसे प्राप्त करें' विषय पर आनलाइन मास्टरक्लास आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाग लिया।


मास्टरक्लास का उद्देश्य विद्यार्थियों को यूजीसी-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए प्रभावी मार्गदर्शन देना था। इसमें यूजीसी-नेट के पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न तथा पेपर-एक और पेपर-दो की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने समय प्रबंधन, अध्ययन रणनीति, महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री और उपयोगी संसाधनों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. डा. पवित्र श्रीवास्तव ने किया। रिसोर्स पर्सन अंकित कात्यायन व यश शखावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक सुझाव दिए। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
NAVADUNIA 23-05-2026

### माखनलाल विश्वविद्यालय में मास्टरक्लास आयोजित

# यूजीसी-नेट परीक्षा की तैयारी के बताए टिप्स

**स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल**



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग में शुक्रवार को ऑनलाइन माध्यम से यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता कैसे प्राप्त करें? विषय पर एक विशेष मास्टरक्लास का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्नांतकोत्तर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यूजीसी-नेट परीक्षा की तैयारी के लिए प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करने और परीक्षा की रणनीति, अध्ययन संसाधनों एवं सफलता के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराना था।

मास्टरक्लास में यूजीसी-नेट के पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न तथा पेपर-1 और पेपर-2 की विस्तृत समझ पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तैयारी की रणनीति, समय प्रबंधन, महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री एवं उपयोगी संसाधनों की जानकारी दी। साथ ही परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक अध्ययन पद्धतियों पर भी प्रकाश डाला गया।

आयोजन का संयोजन प्रो. डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने किया। रिसोर्स पर्सन अंकित कात्यायन और यश शख्तावत रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी से जुड़े व्यावहारिक सुझाव दिए।

इस दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने परीक्षा से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। मास्टर क्लास में बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने सहभागिता की और इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
SWADESH 23-05-2026

दैनिक भास्कर

भोपाल सिटी भास्कर 24-05-2026


NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY

**DOCUMENTARY** केरल फिल्म फेस्टिवल सहित दुनिया भर के फिल्म फेस्टिवल्स में भेजने की तैयारी

# 5 साल की रिसर्च, 5 घंटे का रॉ फुटेज; एमसीयू के तीन छात्रों ने बनाई 'ब्रज की अनदेखी होली' पर डॉक्यूमेंट्री

सिटी रिपोर्टर • भोपाल

ब्रज की होली के बारे में पूरी दुनिया सुनती जानती रही है, लेकिन बरसाना और नंदगांव के उन छिपे हुए रीति-रिवाजों से बहुत कम लोग वाकिफ हैं। ये रीति-रिवाज सदियों से अपनी मूल अवस्था में आज भी चले आ रहे हैं। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (MCU) में सिनेमा स्टडी के छात्रों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करने के मकसद से, खुद के सीमित संसाधनों से 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री तैयार की है। इसमें 5 साल की कड़ी मेहनत लगी। पांच साल में पांच घंटे का रॉ फुटेज बना। उसे तराशकर 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री तैयार हुई है।



डाक्यूमेंट्री का पोस्टर

## गोस्वामी समाज को मनाने में लगे 4 साल, तब मिली मंजूरी

इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने वाली टीम में MCU के छात्र राजीव कुशवाहा (डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और डीओपी), दिव्यांशी (असिस्टेंट डायरेक्टर) और प्रदीप डोने (को-प्रोड्यूसर) शामिल हैं। इस 40 मिनट की फिल्म को शूट करने में टीम को 5 साल का लंबा समय लगा। टीम के अनुसार, बरसाना और नंदगांव में होली की तैयारियां 40 दिनों तक चलती हैं। मुख्य होली (लड्डू मार और लट्ठ मार) सिर्फ तीन दिन ही खेली जाती है। शुरुआत में मंदिरों के गोस्वामी समाज के कड़े नियमों के कारण उन्हें इन प्राइवेट अनुष्ठानों को शूट करने की अनुमति नहीं मिली। लगातार प्रयासों के बाद चौथे साल वे समाज को समझाने में सफल रहे। तब जाकर उन्हें उन गुप्त आयोजनों को कैमरे में कैद करने का मौका मिला। वहां आम लोगों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होता है।

## बरसाना और नंदगांव के बीच नहीं होतीं शादियां

ज्यादातर युवा होली खेलने सिर्फ वृंदावन तक जाते हैं। वे असल में बरसाना तक पहुंच ही नहीं पाते। बाहरी दुनिया को यह भी नहीं पता कि 'लड्डू मार होली' में वास्तव में पॉलीबैग्स में लड्डू रखकर मारे और फेंके जाते हैं। छात्रों ने इन्हीं अनदेखे पहलुओं को अपनी फिल्म में पिरोया है। इसके अलावा फिल्म में यह भी बताया गया है कि बरसाना और नंदगांव के बीच आज भी शादियां नहीं होतीं। स्थानीय लोग राधा रानी को बरसाने की बेटी मानते हैं। वे भगवान कृष्ण को नंदगांव का दामाद मानते हैं। इसलिए गोस्वामी समाज इस पवित्र रिश्ते के सम्मान में आपस में वैवाहिक संबंध नहीं बनाता।

## एडिटिंग के बाद 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री बनी

डॉक्यूमेंट्री की बड़ी खूबी इसकी रॉनेस और इसका संगीत है। फिल्म में कोई वॉयस ओवर नहीं रखा गया है। किसी सेलेब्रिटी का इंटरव्यू भी नहीं रखा गया है। इससे दर्शकों का ध्यान ब्रज की संस्कृति और राधा-कृष्ण से नहीं भटकेगा। छात्रों ने इसे म्यूजिकल और विजुअल स्टोरीटेलिंग का रूप दिया है। छात्रों के पास लगभग 4-5 घंटे का फुटेज इकट्ठा हो गया था। एडिटिंग के बाद 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री बनी है। अब इस फिल्म को केरल फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ दुनिया के कई फेस्टिवल्स में भेजने की योजना बना रही है। एमसीयू के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने फिल्म का ट्रेलर देखकर टीम के काम की सराहना की है।

स्वदेश ज्योति

# माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

माखनपुरम परिसर, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, बिशनखेड़ी, भोपाल-462044

## प्रवेश सूचना 2026-27

विश्वविद्यालय के भोपाल एवं रीवा परिसरों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संचालित होने वाले पत्रकारिता, जनसंचार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रसारण पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, नवीन मीडिया, डिजिटल पत्रकारिता, फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शोध, एआई ड्रिवन मीडिया, मीडिया व्यवसाय प्रबंधन, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एवं ऐनिमेशन, वाणिज्य, ई-कॉमर्स, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग, हिन्दी भाषा एवं अनुवाद तथा इंग्लिश जर्नलिज्म के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पत्रोपाधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन **16 जून 2026 की मध्यरात्रि** तक किए जा सकते हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY

**अधिक जानकारी के लिए विजिट करें**

www.mcu.ac.in

**ऑनलाइन आवेदन के लिए विजिट करें**

https://mcrpv.mponline.gov.in/portal/

**कुलसचिव**